ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

आयरलैंड के राजदूत ने एसकेवी का दौरा किया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 15 , नवंबर. सिंधिया कन्या विद्यालय परिसर में भारत, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और मालदीव में आयरलैंड के राजदूत केविन केली का आगमन हुआ। विद्यालय आगमन पर प्रधानाचार्या श्रीमती निशि मिश्रा द्वारा उनका पुष्पगुच्छों से हार्दिक स्वागत किया गया तथा स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर के रूप में करियर काउंसलर सुश्री उर्वशी पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। यह यात्रा छात्रों के लिए आयरलैंड और भारत के बीच विचारों, संस्कृति और सहयोग के अमूल्य आदान-प्रदान का प्रतीक है।

राजदूत केली का एक विशिष्ट करियर रहा , जो आयरलैंड की वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करने के लिए समर्पित रहा है। अपनी वर्तमान भूमिका संभालने से पहले, डबलिन में आयरलैंड के विदेश मामलों के विभाग में प्रेस और संचार प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। वह नीदरलैंड में आयरलैंड के राजदूत और हेग स्थित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों में स्थायी प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। उन्होंने अफ्रीका में आयरलैंड के विशेष दूत, युगांडा और रवांडा में राजदूत और डबलिन में मानवीय मामलों के निदेशक के रूप में कार्य किया है। वे अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में पीड़ितों के लिए ट्रस्ट फंड के निदेशक मंडल में भी कार्यरत हैं।

तत्पश्चात छात्राओं के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रश्न पूछे। आपको ऐसा करियर चुनने की प्रेरणा कहाँ से मिली जहाँ आप दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हैं? **(वाणी सिंह)** आपने कई देशों में काम किया है - आपको जीवन का सबसे मूल्यवान सबक किसने सिखाया और वह क्या था? **(हनाया महाजन)** छात्राओं आप भारत और आयरलैंड को किन परियोजनाओं पर एक साथ काम करते हुए देखती हैं? **(वैदेही शर्मा)**

अपने संबोधन में उन्होंने ने शांति, शिक्षा, मानवाधिकारों के प्रति आयरलैंड की प्रतिबद्धता और भारत के साथ उसकी दीर्घकालिक मित्रता के बारे में बात की। उन्होंने छात्राओं को सहानुभूति, सांस्कृतिक समझ और वैश्विक नागरिकता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जीवन के सबक, कूटनीति, शासन, समानता और दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग पर चर्चा की।

एक नजर में

जेसी मिल्स स्कूल में बच्चों ने लगाए पोस्टिक व्यंजनों के स्टॉल

ग्वालियर 15 नवम्बर. विद्यालय में छात्र छात्राओं ने बाल दिवस पर छात्र छात्राओं ने खुद अपने छोटे-छोटे स्टॉल लगाए। जे. सी. मिल्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिरला नगर के प्राचार्य डॉ.आर.सी.गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में बाल दिवस पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ सभी शिक्षक और स्वयं प्राचार्य ने बच्चों के साथ बिताए ये पल जो दिल को छू गये। छात्र छात्राओं ने खुद अपने छोटे छोटे स्टॉल लगाए जिसमें साफ सफाई और हाइजीन का विशेष ध्यान रखा गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने वहीं खाना खाया और कुछ पलों के लिए ऐसा प्रतीत हुआ मानो बचपन फिर से लौट आया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का आभार श्री प्रेमचंद ने व्यक्त किया, विद्यालय परिवार छात्राओं एवं शिक्षकों को साधुवाद प्रदान करता है।

अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही सफलता की सीढ़ी है : कुलगुरु डॉ. आचार्य

ग्वालियर 15 नवम्बर. अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही सफलता की सीढ़ी है। जब व्यक्ति अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेता है, और उसे पाने के लिए दृढ़ संकल्प लेकर लगन व ईमानदारी से मेहनत करता है, तो उसे सफलता मिलना निश्चित हो जाती है। इसलिए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें और समय का प्रबंधन करते हुए तैयारी करें। यह कहना है जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजकुमार आचार्य का। वे शनिवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के जनजातीय अध्ययन एवं विकास केंद्र और प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में चयनित छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने की। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। कुलगुरु का स्वागत डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. आचार्य ने कहा, माता पिता और गुरु जीवित देवता हैं, इसलिए उनका सम्मान करें और उनके मार्गदर्शन को अपनी शक्ति बनाएं। फिर देखिए आप जीवन के लक्ष्य को कैसे प्राप्त करते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा, आप अपनी कमजोरियों को भी चिन्हित कर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। इस मौके पर एमपी पीएससी से प्रशासनिक एवं सहायक प्राध्यापक पदों पर चयनित प्रतिभागी निलेश मौर्य (जनपद सीईओ), रचना पाल, दीप्ति जादौन, अभिषेक शर्मा, भगवत धाकड़, शालू दुबे, बुद्धप्रिया सम्राट, आलोक शर्मा एवं गंधर्व राजपूत (सभी सहायक आचार्य) का सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. कृतिका प्रधान, प्रिया सुमन, राहुल बरैया, सामिन ख़ान, सूरज दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

ग्वालियर 15 नवम्बर. पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, ग्वालियर में बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नियमित प्रात:कालीन प्रार्थना से हुई, प्रधानाध्यापिका डॉ. भारती यादव ने छात्रों को अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने, लगन से अध्ययन करने और दयालुता, अनुशासन और जिज्ञासा के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में कक्षा 1 और 2 के छात्रों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके बाद छात्रों द्वारा एक समूह गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें बचपन और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एक भाषण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उनके महत्वपूर्ण योगदान से संबंधित विषयों पर बात की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने सभी को गर्व और देशभक्ति से भर दिया। छात्रों के प्रस्थान के दौरान, प्रेम और उत्सव के प्रतीक के रूप में सभी छात्रों को बिस्कुट वितरित किए गए।

CHANGE OF NAME

I, RAMDEV PRASAD YADAV (RAMDEO PD YADAV and SHRI RAMDEO PRASAD YADAV), S/o SARATH YADAV, is legally father of ARUN KUMAR presently residing at MIRZAPUR, SABOUR BHAGALPUR, BIHAR have changed my Name from RAMDEV PRASAD YADAV (RAMDEO PD YADAV and SHRI RAMDEO PRASAD YADAV) to RAMDEV YADAV due to name Mismatching in Various Documents.
Vide Affidavit No BY 038306 Dated 12/11/2025 before District Court, Gwalior M.P.

नवाचार और उद्यमिता पर केंद्रित सत्रों का संगम

ग्वालियर 15 नवम्बर. अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में एआरएसी '25 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम ने नवाचार, उद्यमिता और करियर विकास पर गहन चर्चाओं के लिए एक प्रभावशाली मंच प्रदान किया। देशभर से अकादमिक जगत, उद्योग, सरकार, स्टार्टअप्स और एनजीओस के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया, जिससे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के बीच संवाद का उत्कृष्ट अवसर मिला।

15 वां अग्रवैश्य पारिवारिक सम्मेलन आज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 15 , नवंबर. अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा हर क्षैत्रिय अग्रवैश्य बन्धुओं के लिए पारिवारिक सम्मेलन गत 15 माह से महीने से ग्वालियर में आयोजित किया जा

पारिवारिक रिश्तों पर बात होगी

रहा है, उक्त जानकारी देते हुए राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य हम सभी एक साथ बैठकर पारिवारिक रिश्तों को मजबूती दे, वर्तमान में जो परिवारों में व्यापार ओर सामाजिक रिश्तों में जो समस्याओं होती है,वह अपनो के बीच रख सकें, जिससे कि कुछ हद तक उनका निराकरण करने में समाज का सहयोग मिल सकेगा, पारिवारिक सम्मेलन 16 नवंबर रविवार को दोपहर 2 बजे सिटी प्लाजा शिन्दे की छावनी पर आयोजित किया गया है, अग्रबनधुयो की इस पारिवारिक मिटीग में 23 नवम्बर को वाराणसी में होने वाले परिचय सम्मेलन कार्यक्रम को रुपरेखा भी तैयार की जायेगी, पारिवारिक सम्मेलन में पांच सामाजिक कार्यकर्ताओं को हर माह सम्मानित भी किया जायेगा, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री रमेश अग्रवाल पूर्व विधायक रहेंगे, कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करने वालों में मुकेश सिंगल अनिल गर्ग दिलीप अग्रवाल आनंद अग्रवाल कमलेश बाबू अग्रवाल कन्हैयालाल सिंघल राकेश अग्रवाल गोपाल जैन मोहित बंसल जगदीश अग्रवाल ओम प्रकाश अग्रवाल श्रीमती विनीता तायल नीलम शाह,पूनम अग्रवाल मीरा अग्रवाल ज्योति अग्रवाल रश्मि अग्रवाल साधना दीप्ति बंसल,संगीता अग्रवाल प्रीति बिंदल आदि है.

धरती को पुष्ट कर देता है गाय का गोबर : इंद्रदेव महाराज

ग्वालियर 15 नवम्बर. गाय का गोबर जिस खेत में पड़ जाता है वहां दोगुनी फसल होने लगती है। जैसे दूध दही से मनुष्य पुष्ट होता है वैसे ही गाय के गोबर से धरती पुष्ट होती है । यह विचार शनिवार को इंद्रदेव महाराज ने इंटक मैदान में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री कृष्णा और रुक्मणी के विवाह का बहुत ही सुंदर चित्रण किया।

खचाखच भरी कथा पंडाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कंप्यूटर का कंट्रोल माउस से होता है इस प्रकार गाय संपूर्ण भूगोल को कंट्रोल करती है। गाय रहेगी तो यह धरती रहेगी। गौ रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने गोवर्धन की पूजा करवाई क्योंकि जहां पर्वत होते हैं वहां गायों को चारे की कमी नहीं होती लेकिन जहां पर्वत नहीं है वहां गाय बेहाल हैं ।

CHANGE OF NAME & DOB

I, Army Service No. 15805637F Rank- NK Name- SANDEEP PATEL Residing at Village- Morukhedi, Post- Barotha, Tehsil- Dewas, District- Dewas, State- Madhya Pradesh, Pin- 455001 have changed my Father's Name from VISHNU PATEL to VISHNU CHOUDHARY & Date of Birth from 01/01/1970 to 01/01/1971 due to mismatch in my Army Service Record.
Vide Affidavit No. BX 771406 Dated 14/11/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

CHANGE OF NAME & DOB

I, NUNA DEVI, W/o RAMDEV YADAV, is legally mother of ARUN KUMAR presently residing at MIRZAPUR, SABOUR BHAGALPUR, BIHAR have changed my Name from NUNA DEVI to USHA DEVI due to name Mismatching in Various Documents.
Vide Affidavit No. BY 038304 Dated 12/11/2025 before District Court, Gwalior M.P.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 37,स्थान जाग्रति नगर ग्वा0 मे स्थित है जो कि रामचरण/हुकमा कुशवाह,मनीराम/देवीराम कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000092481 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 448 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्र 16, पर दिनांक 14.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38248/60458 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक. 15.11.2025
आवेदक-श्रीमती कमलेश देवी/ प्रेमनारायण बाथम,पता-जाग्रति नगर ग्वालियर

ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का निराकरण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 15 , नवंबर. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को अपने ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित सरकारी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। इसकी पूर्ति के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा में करने की बात कही।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जन सुनवाई में आई जरुरतमंद महिलाओं को तत्काल राशन दिलाने के निर्देश के साथ ही वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन तथा मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए हर जिला, तहसील स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दिशा में सरकार सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने दोहराया कि हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला अभी थमने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना ही शासन की प्राथमिकता है।

आम सूचना

श्री जीतेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री भंवर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.30 का भाग, 31 का भाग एवं 31 का भाग, 32 का भाग, स्थित ग्राम गंगापुर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.63 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.577, 578 एवं 579 ग्राम गंगापुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 600+600=1200 वर्गफुट है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री राधिका प्रसाद भटनागर पुत्र श्री बेनीमाधव भटनागर एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री राधिका प्रसाद भटनागर द्वारा अपने भाग की सम्पति के संबंध में श्री अजीत प्रसाद भटनागर, श्री अरविन्द भटनागर, श्री अचल भटनागर, श्री आलोक भटनागर एवं श्री अवधेश भटनागर पुत्रगण श्री राधिका प्रसाद भटनागर के हित में रजिस्टर्ड वसीयतनामा विलेख क्र.31 दिनांक 17.04.2013 को सम्पादित किया गया। श्री राधिका प्रसाद भटनागर का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री अजीत प्रसाद भटनागर, श्री अरविन्द भटनागर, श्री अचल भटनागर, श्री आलोक भटनागर एवं श्री अवधेश भटनागर पुत्रगण श्री राधिका प्रसाद भटनागर उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री अजीत प्रसाद भटनागर, श्री अरविन्द भटनागर, श्री अचल भटनागर, श्री आलोक भटनागर एवं श्री अवधेश भटनागर द्वारा सम्पत्ति 0.465 हैक्टेयर एरिया श्री बालाजी डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर जर्ये पार्टनर श्री अमरजीत सिंह चौधरी पुत्र श्री जागर सिंह चौधरी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602024ए1366416 दिनांक 21.03.2024 से विक्रय की गई। श्री बालाजी डेवलपर्स एण्ड कॉलोनाईजर जर्ये पार्टनर श्री अमरजीत सिंह चौधरी द्वारा सम्पति 1800 वर्गफुट एरिया श्री जीतेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री भंवर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी142602024 ए1717530 दिनांक 07.06.2024 से विक्रय की गई। श्री जीतेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा उक्त सम्पति का एक भाग भूखण्ड क्र.30 का भाग, 31 का भाग 600 वर्गफुट एरिया को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री शिवदत्त शर्मा के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री जीतेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा उक्त सम्पति का दूसरा भाग 31 का भाग, 32 का भाग 600 वर्गफुट एरिया को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती आशा श्रीवास्तव पत्नी श्री नवीन श्रीवास्तव के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती रेखा शर्मा एवं श्रीमती आशा श्रीवास्तव द्वारा उक्त सम्पति को पृथक-पृथक विक्रय पत्रों के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री राधिका प्रसाद भटनागर के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।
प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

In The Court Of III Civil Judge, Junior Divison, Ambah District Court, Morena
Presiding Officer : योगेन्द्र सिंह राजपूत
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS A/0000018/2023)
कुमारी लीसा किरार..........वादी
Vs
विद्याराम सिंह................प्रतिवादी
Process id-/2025
पेशी दिनांक :- 08/12/2025
प्रेषिती-
(1) विद्याराम सिंह पिता अंगद सिंह पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र. (2) श्री नीरज पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र. (3) श्रीमती कमलेश पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र. (4) श्रीमती सरोज पति विद्याराम पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र. (5) श्रीमती प्रकाशी पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र. (6) श्रीमती सीता पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र. (7) श्री संजय किरार पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र. (8) श्रीमती गिरजादेवी पता-निवासी जिला ग्वालियर म.प्र.
यह कि प्रार्थी कुमारी लीसा किरार ने आपके विरुद्ध वाद वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 12 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
(योगेन्द्र सिंह राजपूत)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड, अंबाह,
जिला मुरैना (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें :-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पक्षकार क्र. 1 (विक्रेता) देवेंद्र सिंह चौहान पुत्र श्री अजमेर सिंह चौहान निवासी 19, इंद्रानगर, थाटीपुर, ग्वालियर (मो.न. 93030 34030) के आधिपत्य का एक फ्लैट, फ्लैट नं. 001, ग्राउंड फ्लोर, पिंकी अपार्टमेंट, ग्राम गोसपुरा, न्यू जीवाजी नगर (मेला दुल्लपुर रोड), परगना व जिला ग्वालियर (मप्र) है, जिसका क्षेत्रफल 475 वर्गफुट यानि 44.14 वर्गमीटर है, जिसका नगर निगम वार्ड क्र. 22 है जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 2091 का भाग है। उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अधिकार पक्षकार क्र. 1 (विक्रेता) देवेंद्र सिंह चौहान को प्राप्त है। इस संपत्ति के पूर्व में सड़क 20 फुट, पश्चिम में रोड 10 फुट, उत्तर में फ्लैट नं. जी 02 एवं दक्षिण में संपत्ति दीगर है। उक्त फ्लैट अब तक कहीं रहन, वय, दान आदि नहीं है तथा किसी भी प्रकार से विवादित नहीं है। पक्षकार क्र. 1 (विक्रेता) देवेंद्र सिंह चौहान को धन की आवश्यकता है जिस कारण वह पक्षकार क्र. 2 (क्रेता) नंदनी चौरसिया पत्नी करन चौरसिया, निवासी जनता 594, दर्पण कॉलोनी, थाटीपुर, ग्वालियर (मो. 95607 32631) को विक्रय कर रहे हैं। इस फ्लैट के आधिपत्य में पक्षकार क्र. 1 (विक्रेता) देवेंद्र सिंह चौहान के अलावा अन्य कोई भागीदार या हिस्सेदार नहीं है। उक्त फ्लैट का विक्रय अनुबंध हो चुका है। अग्रिम राशि के भुगतान के उपरांत अब शेष राशि तीन माह की अवधि में पक्षकार क्र. 2 (क्रेता) नंदनी चौरसिया द्वारा पक्षकार क्र. 1 को भुगतान की जाना है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त फ्लैट के विक्रय अनुबंध पर आपत्ति है अथवा यदि कोई व्यक्ति किसी भी रूप में उक्त फ्लैट पर अपना आधिपत्य या हक रखता है, या किसी बैंकिंग संस्था में यह फ्लैट रहन, गिरवी रखा है तो संबंधित व्यक्ति एक माह की अवधि में पक्षकार क्रमांक 2. नंदनी चौरसिया, नि. जनता 594, दर्पण कॉलोनी, थाटीपुर, ग्वालियर (मो. 95607 32631) को सूचित करने का कष्ट करें, इसके बाद पक्षकार क्र. 2 की कोई भी जवाबदेही नहीं होगी।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 35, भवन क्रं. 700, स्थानः चित्रगुप्त गंज पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती रघुवीर सिंह धाकड़, रामअवतार / स्व. श्री पातीलाल, मीरा धाकड़ / स्व. श्री कैलाश, सचिन, अमन / स्व. श्री कैलाश धाकड़ के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1004355773 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं... दिनांक .. के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 10.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 63/2010/38221/60432/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
आवेदक का नाम/पता
निशा शिवहरे/ विवेक शिवहरे
पता : चित्रगुप्त गंज, वार्ड-35
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 15-11-2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गोरा देवी पत्नी श्री महावीर सिंह गुर्जर की एक अचल संपत्ति वार्ड क्र. 05 (तात्याटोपे वार्ड), बिस्मिल नगर, ग्राम जौरी, तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना के सर्वे क्र. 247 मिन 1 (नया सर्वे क्र. 247/17), की होकर जिसकी चतुर्सीमा:- पूर्व में- रास्ता 18 फ्रीट चौड़ा, पश्चिम में- भवन अंगूरी देवी, उत्तर में- भुखण्ड कुशवाह, दक्षिण में- भुखण्ड कुशवाह व कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमती धनवंती आदि के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की थी जिसके उपरांत श्रीमती धनवंती आदि द्वारा महेश राठौर पुत्र श्री रामजी लाल राठौर को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सरल क्रमांक 6083 व दिनांक 10.01.2012 से विक्रय की गई और यह अवगत कराया गया है कि उक्त संपत्ति के मूल दस्तावेज गुम हो गए हैं, जिसकी गुम होने की सूचना संबंधित पुलिस विभाग में दी जा चुकी है एवं जिस किसी भी सज्जन को मिले कृपया नीचे दिए गए पते पर सूचित करें। तत्पश्चात महेश राठौर पुत्र श्री राम जी लाल राठौर द्वारा श्रीमती त्रिवेणी देवी पत्नी श्री हरिओम कुशवाह को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख सरल क्र. 2763 एवं ग्रन्थ क्र. 8741 व दिनांक 12.07.2012 से विक्रय की गई। तदुपरांत श्रीमती त्रिवेणी देवी पत्नी श्री हरिओम कुशवाह द्वारा श्रीमती गोरा देवी पत्नी श्री महावीर सिंह गुर्जर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दस्तावेज क्र. MP25792024 A1917791 व दिनांक 18.07.2024 से विक्रय की गई। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 15.11.2025
प्रेषक- **विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर
मो.9826820987

नाम परिवर्तन सूचना

नामः- सुलेमान खान, आयु- 62 साल, पुत्र लतीफ खान, जाति- मुसलमान, निवासी- फूप तहसील भिंड जिला भिण्ड म.प्र.
मै शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूं कि :-
1. यह कि मेरी पत्नी का नाम सायरा पत्नी सुलेमान खान है।
2. यह कि सायरा की जन्म तिथि 2.7.1968 है।
3. यह कि मेरी पत्नी का नाम गलती से श्रीमती हो गया है।
मेरा पत्नी का वास्तविक व सही नाम सायरा पत्नी सुलेमान खान की जन्म तिथि 2.7.1968 है। को संपूर्ण दस्तावेजों में अंकित करने हेतु शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष पेश कर रहा हूँ।

फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले 4 पकड़े

नवभारत न्यूज



ग्वालियर 15 , नवंबर. विजयप्रताप सिंह निवासी शिव नगर घोसीपुरा ने थाना ग्वालियर में रिपोर्ट कराई थी की हाकिम पाल दोनों हजीरा चौराहा से रात्रि में अपने घर घोसीपुरा जा रहा था, जैसे ही वह मिर्जापुर मस्जिद के पास पहुंचा तभी रोड़ पर हमें छोटू कमरिया, कालू कमरिया, मनीष यादव, चेतन पाण्डेय, प्रियांशु, अन्नी उर्फ अनिल मिले और मेरी गाड़ी रोक दी और छोटू कमरिया ने अधिया से मुझ पर जान से मारने की नियत से फायर किया जो मुझे बांये पैर की जाँघ में लगी मैं गिर पड़ा, प्रियांशु ने कट्टे से जान से मारने की नियत से फायर किया जो मेरे दाहिने पैर के पंजा में लगा, अन्नी ने 315 बोर की रायफल से फायर किये जो मेरे बांये हाथ की हथेली के पास लगा। फायरिंग में एक गोली मेरे दोस्त हाकिम पाल को भी दाहिने पैर के घुटने के नीचे लगी है।

10-10 के उक्त चार इनामी आरोपियों को पुलिस ने शीतला माता मंदिर के पास से गिरफ्तार किया।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 37, भवन क्रं. ..., स्थान: जाग्रति नगर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती रामचरण / श्री हुकम कुशवाह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000092483 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 540 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A1/384 दिनांक 08.05.2009 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 14.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 81/2010/38247/60457/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
आवेदक का नाम/पता
श्रीमती पार्वती देवी / श्री हरीराम बाथम
पता : जाग्रति नगर, वार्ड - 37
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 15-11-2025

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 16 वार्ड क्रमांक 41 भवन क्रमांक... स्थान जीवाजीगंज, जनकपुरी पैलेस के सामने, लश्कर में स्थित है जो कि शान्ती बाई/स्व.दयाराम के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000102337 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 191 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड मृत्यु उपरांत ए1/12044/5 दिनांक 01/5/2000 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ... पर दिनांक... को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक ... है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक 15-11-2025
आवेदक का नाम/पता
सुशील जैन/प्रहलाद दास जैन, ऊषा जैन, अजित जैन, रवि जैन, अंकित जैन, ज्योति जैन/स्व. राम कुमार जैन
पता : जीवाजीगंज,जनकपुरी पैलेस के सामने लश्कर, ग्वालियर म.प्र.
मो.7470407435

मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी : सतीश महाराज

ग्वालियर 15 नवम्बर. कंपू महावीर भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन प्रसिद्ध भागवताचार्य सतीश महाराज ने कहा कि सातवें दिन की भागवत कथा सुनने से पूरे सप्ताह की कथा का फल प्राप्त होता है। यह कथा जीवन को पवित्र और सन्मार्ग पर चलने में सहायक होती है। जिन लोगों के जीवन में भागवत कथा या धर्म का समावेश नहीं होता, उनके जीवन में कोई ना कोई विघ्न अवश्य आता है। व्यास पीठ से महाराज जी ने कहा कि ठाकुर जी को भाव से बांधा सुदामा जी ने। कहते हैं मुझे धन इसलिए नहीं दिया यदि धन आ जाता तो हरि भजन नहीं कर पाता उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जिनकी मित्रता की मिसाल आज भी दी जाती है आप सोचो कृष्ण सुदामा की मित्रता कितनी महान रही होगी। कथा के अंत में परीक्षित सुमन प्रेम नारायण रूबी रजत डॉक्टर प्रशिल डॉक्टर रिचा श्रीमती पुष्पा श्रीमती लक्ष्मी श्रीमती मालती गोपाल दास गोयल राजू गोयल ने भागवत महापुराण की आरती उतारी।

कैलाश विजयवर्गीय आज आएंगे

ग्वालियर। प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 16 नवंबर को भोपाल से शताब्दी एक्सप्रेस द्वारा ग्वालियर आयेंगे। वह कुछ स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत कर वापस रात्रि 11 45 बजे भोपाल लौट जायेंगे।

SMFG Grihashakti Nayi Asha. Naya Vishwas.

एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051
पंजीकृत कार्यालय: कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

अचल संपति के लिए कब्जे का नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी [राष्ट्रीय आवास बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली) के साथ विधिवत पंजीकृत] (जिसे आगे "एसएमएचएफसी" कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित दिनांकित मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें आपसे, उधारकताओं के रूप में, (नीचे उल्लिखित नाम) उक्त सूचना में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज की राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है। नीचे उल्लिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को, एतद्द्वारा उक्त संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन "SMHFC" के प्रभार के अधीन होगा यहाँ उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए।

स. क्रं.	उधारकर्ता (एस)/ गारंटर (एस) का नाम लैन	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति)	डिमांड नोटिस दिनांक और राशि	कब्जा की तिथि
1	लैन:- 604338011300020 1. जीतेन्द्र तेतुरिया 2. ममता बाई	संपत्ति के इस पूरे हिस्से में प्लॉट, सर्वेक्षण संख्या 1301/4 मिन - 1 का एक भाग, 1301/10, क्षेत्रफल शामिल है। संपत्ति का क्षेत्रफल 300 वर्ग फुट यानी 27.90 वर्ग मीटर है, जो गाँव - डबरा तहसील डबरा और जिला - ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। सीमाएँ - पूर्व - अन्य प्लॉट, पश्चिम - चौड़ी 15 फुट सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि	21.08.2025 रु. 3,05,784.72 (तीन लाख पाँच हजार सात सौ चौरासी और बहत्तर पैसे) 12.08.2025 तक	12.11.2025

स्थान: ग्वालियर, मध्य प्रदेश
दिनांक: 12.11.2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।